# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर, उ0प्र0-272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id.: registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांकः 1581 /सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांकः 05/01/2026

**अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध**

**अनुस्मारक–1**

सेवा में,

सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

**विषय– प्रदेश में निराश्रित श्वानों के सम्बन्ध में मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित सु–मोटो रिट पिटीशन (सिविल) नं0–5/2025 "सिटी हाउण्ड बाई स्ट्रे, किडस पे प्राइस" बनाम अन्य में पारित आदेश दिनांक 22.08.2025 एवं 07.11.2025 के अनुपालन में तत्काल सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक (उच्च शिक्षा) उ0प्र0, शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांक–डिग्री विकास/2627/2025–26, दिनांक–30.12.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से निराश्रित श्वानों के सम्बन्ध में महाविद्यालयों में परिसर की स्वच्छता और आवारा कुत्तों को रोकने के लिए एक नोडल अधिकारी नामित, आवासन/संरक्षण/मार्गदर्शन व्यवस्था आदि सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

तद्क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि अपने महाविद्यालयों में 1–परिसर की स्वच्छता और आवारा कुत्तों के तत्काल प्रवेश को रोकने के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करें, नोडल अधिकारी का नाम सम्पर्क नम्बर आगमन के मुख्य स्थानों पर प्रदर्शित किया जायें। 2–छात्रों और कर्मचारियों के लिए पशुओं के आसपास निवारक व्यवहार और प्रथम–उपचार पर जागरूकता सत्र आयोजित करें। 3–छात्रों और कर्मचारियों के लिए पशुओं के आस–पास निवारक व्यवहार और प्रथम उपचार पर जागरूकता, आदि का अनुपालन तथा निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित है, जो अद्यतन अपर्याप्त है।

| क्र0सं0 | महाविद्यालय कोड | महाविद्यालय का नाम | नोडल अधिकारी का नाम | सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

अतः आपको पुनः सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में परिसर की स्वच्छता और आवारा कुत्तों को रोकने के लिए एक नोडल अधिकारी नामित, आवासन/संरक्षण/मार्गदर्शन व्यवस्था आदि का अनुपालन तथा निर्धारित प्रारूप पर सूचना विश्वविद्यालय के गूगल फार्म–https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSc9OV3iRxdr3KCEHaRCSCmswnOqOAiauDJZF96ovdfBKSTnQ/viewform तथा ई–मेल sukaffiliation@gmail.com पर दिनॉक–07.01.2026 तक यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे ससमय सूचना शासन को प्रेषित किया जा सके, अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

भवदीय

05/01/26

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।